भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1810
01 अगस्त, 2024 को उत्तरार्थ

विद्युतीकरण के लिए केंद्र प्रायोजित योजनाएं

1810. श्री उम्मेदा राम बेनीवाल:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राजस्थान में, विशेषकर बाड़मेर-जैसलमेर संसदीय क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों तथा बस्तियों में विद्युतीकरण के लिए चलाई जा रही केन्द्र प्रायोजित योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) राजस्थान में उक्त योजनाओं के लिए सरकार द्वारा दी गई बजट राशि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त योजनाओं में कार्य पूरा करने के लक्ष्य की दिशा में की गई भौतिक प्रगति का जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद नाईक)

(क) और (ख) : केन्द्र सरकार सौभाग्य योजना के अंतर्गत छूट गए घरों के विद्युतीकरण के लिए राज्यों को संशोधित वितरण क्षेत्र स्कीम (आरडीएसएस) के अंतर्गत सहायता दे रही है। इस स्कीम के अंतर्गत, राजस्थान राज्य के लिए 1,90,959 छूटे हुए घरों के विद्युतीकरण के लिए 459.18 करोड़ रुपये (275.51 करोड़ रुपये की सरकारी बजटीय सहायता (जीबीएस) के साथ) के कार्य संस्वीकृत किए गए हैं। इसमें बाड़मेर-जैसलमेर संसदीय क्षेत्र में 54,197 घरों के विद्युतीकरण के लिए संस्वीकृत 155.75 करोड़ रुपये (93.45 करोड़ रुपये की जीबीएस के साथ) भी शामिल हैं।

राजस्थान में आरडीएसएस के अंतर्गत विद्युतीकृत किये जाने वाले घरों की जिलावार संख्या **अनुबंध-I** पर दी गई है।

इसके अलावा, राजस्थान के बारां जिले में 17,633 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के घरों के विद्युतीकरण के लिए 40.34 करोड़ रुपये (24.20 करोड़ रुपये के जीबीएस के साथ) संस्वीकृत किए गए हैं।

(ग) : राजस्थान में संस्वीकृत विद्युतीकरण कार्यों की वास्तविक प्रगति का विवरण **अनुबंध-II** पर दिए गए हैं।

लो.स.अतारां.प्र.सं.1810

अनुबंध-I

क्रम सं.	जिला	संस्वीकृत घरों की संख्या	संस्वीकृत लागत (रुपये करोड़ में)
1	बांसवाड़ा	14,990	25.30
2	डूंगरपुर	4,189	7.07
3	नागौर और डीडवाना-उचामन	15,615	25.57
4	प्रतापगढ़	890	1.50
5	राजसमंद	9,501	10.75
6	सीकर	77	0.12
7	उदयपुर	34,590	58.37
8	ब्यावर	41,396	112.92
9	बीकानेर	14,458	46.79
10	चुरू	6,379	21.24
11	हनुमानगढ़	2,057	3.24
12	जैसलमेर	12,801	42.83
13	जालौर	5,221	14.75
14	जोधपुर	20,993	66.94
15	पाली	1,223	3.73
16	श्रीगंगानगर	1,598	4.72
17	सिरोही	4,981	13.33
	कुल	1,90,959	459.18

लो.स.अतारां.प्र.सं.1810

अनुबंध-II

क्रम सं.	जिला	दिनांक 22.07.2024 तक वास्तविक प्रगति (विद्युतीकृत घरों की संख्या)
1	बांसवाड़ा	9,068
2	डूंगरपुर	4,189
3	प्रतापगढ़	705
4	राजसमंद	9,501
5	उदयपुर	15,268
6	सलूंबर	4,848
7	सीकर	41
8	नागौर	3,875
9	डीडवाना-कुचामन	3,376
10	ब्यावर	2,839
11	बीकानेर	1,823
12	चुरू	961
13	हनुमानगढ़	444
14	जैसलमेर	882
15	जालौर	725
16	जोधपुर	2,388
17	पाली	256
18	श्रीगंगानगर	364
19	सिरोही	756
कुल		62,309

बाड़मेर-जैसलमेर संसदीय क्षेत्र

क्रम सं.	संसदीय क्षेत्र	दिनांक 22.07.2024 तक वास्तविक प्रगति (विद्युतीकृत घरों की संख्या)
1	**बाड़मेर-जैसलमेर**	3,721

पीवीटीजी घरों के ब्यौरे

क्रम सं.	जिला	दिनांक 22.07.2024 तक वास्तविक प्रगति (विद्युतीकृत घरों की संख्या)
1	**बाराँ**	6,930

****